INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

NOTARIAL NOTARIAL

Certificate No.	:	IN-UP02228851355937V
Certificate Issued Date	:	31 Aug 2023 03:06 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14585804/ MAU SADAR/ UP-MAU
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14585804000339547903 20V
Purchased by	:	MANAGER SHIVDAN C OF PHARMACY TARAHATHI JAUNPUR
Description of Document	:	Article 4 Affidavit
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	MANAGER SHIVDAN C OF PHARMACY TARAHATHI JAUNPUR
Second Party	:	Not Applicable
Stamp Duty Paid By	:	MANAGER SHIVDAN C OF PHARMACY TARAHATHI JAUNPUR
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	100 (One Hundred only)

SIGNATURE.......
ACC NAME-BIRENDRA KUMAR GUPTA
ACC CODE-up14585804
ACC Add.-Katuvapura Poorab
Teh.-Sadar, District-Mau
LIC. No.-78, Mob. No.-9415843771

NOTARY

Please write or type below this line

(प्रारूप–"अ")

सत्र 2023–24 में नवस्थापित की जाने वाली डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाओं की सोसाइटी / ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले नोटरी शपथ–पत्र का प्रारूप

हम सूर्यभान यादव (अध्यक्ष) एवं श्रीमती चांदमती (सचिव) क्रमशः अध्यक्ष एवं सचिव लालसर कृषक जनकल्याण ट्रस्ट, टकटेउवा रामपुर, जनपद–मऊ (उ०प्र०) शपथ पूर्वक निम्नवत बयान करते हैं–

1. यहकि हमारी लालसर कृषक जनकल्याण ट्रस्ट, टकटेउवा रामपुर, जनपद–मऊ (उ०प्र०) द्वारा शिवदान कालेज ऑफ फार्मेसी, तरहठी, जनपद–जौनपुर (उ०प्र०) नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र–2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।
2. यहकि हमारी लालसर कृषक जनकल्याण ट्रस्ट, टकटेउवा रामपुर, जनपद–मऊ (उ०प्र०) में गाटा संख्या–45क, 38, 39क, 369 कुल चार गाटा कुल रकबा 1.144 हेक्टेयर में से 0.812 हेक्टेयर भूमि है।
3. यहकि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है और भूमि विवाद रहित है।

यहकि उपरोक्त पते पर ट्रस्ट के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या–45क, 38, 39क, 369 कुल चार गाटा कुल रकबा 1.144 हेक्टेयर में से 0.812 हेक्टेयर भूमि पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी

NOTARY GOVT. OF INDIA

31/8/23

Statutory Alert:

Scanned with CamScanner

संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव ट्रस्ट की बैठक दिनांक 19.03.2022 द्वारा पारित किया गया है।

5. यहकि उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यहकि निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यहकि इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अंतर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यहकि इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यहकि उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यहकि संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास, रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यहकि संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा सत्र प्रारंभ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यहकि शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों का भलीभांति पालन करूँगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

13. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

ह0 सचिव

ह0 अध्यक्ष

NOTARY
GOVT. OF UTTAR PRADESH

31-08-2023

Scanned with CamScanner